# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी

# जून, 2025

संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी जून, 2025 (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 June, 2025

- **31 मई, 2025 को थाईलैंड की ओपल सुचाता चुआंग्सरी (21 वर्षीय) मिस वर्ल्ड 2025 चुनी गयी। मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता जीतने वाली वह पहली थाई सुंदरी हैं। हैदराबाद के हाइटेक्स एग्जीबिशन सेंटर में आयोजित इस प्रतियोगिता में उन्होंने 110 देशों की सुंदरियों का पीछे छोड़ते हुए यह खिताब जीता। पिछली मिस वर्ल्ड क्रिस्टिना पिस्कोवा ने ओपल सुचाता को मिस वर्ल्ड का ताज पहनाया। इथोपिया की हासेट डेरेजे एडमसु रनरअप घोषित की गई। भारत का प्रतिनिधित्व कर रहीं नंदिनी गुप्ता टॉप 8 में भी नहीं पहुँच पाईं।**
- **एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भारत ने 8 गोल्ड, 10 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज सहित कुल 24 मेडल जीते–**

  31 मई, 2025 को भारत ने एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के अंतिम दिन तीन रजत व तीन कांस्य समेत कुल छह पदक जीते। इसके साथ ही भारत ने एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में कुल 24 पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। इस चैंपियनशिप में भारत का 59 सदस्यीय दल उतरा था। उल्लेखनीय है कि यह प्रतियोगिता 27-31 मई तक गुमी, दक्षिण कोरिया में आयोजित की गई थी।

## Newspaper of 2 June, 2025

- **इजरायल ने पहली बार लेजर हथियारों से दुश्मन ड्रोन गिराने का दावा किया; हाई पावर लेजर का सफल इस्तेमाल–**

  हाल ही में गाजा में जारी 'स्वॉड्र्स ऑफ आयरन' जंग के दौरान इजरायल ने युद्धक्षेत्र में लेजर हथियारों का इस्तेमाल कर दुश्मन ड्रोन को मार गिराया। इससे इजरायल लेजर हथियारों का इस्तेमाल करने वाला पहला देश बन गया है।

  इजरायली रक्षा मंत्रालय के अनुसार 'युद्धभूमि पर हाई-पावर लेजर का पहला सफल उपयोग' था। मंत्रालय की ओर से हाल ही में जारी वीडियो में लेजर हथियार को ड्रोन पर निशाना साधते हुए दिखाया गया, जिससे ड्रोन के पंख में आग लग गई और वह गिरकर नष्ट हो गया।

  उल्लेखनीय है कि लेजर सिस्टम को इजरायल की डिफेंस कंपनी 'रफाएल एडवांस्ड डिफेंस सिस्टम्स' द्वारा विकसित किया गया है। यह केन्द्रित प्रकाश किरण (लेजर बीम) के माध्यम से टारगेट पर गर्मी पैदा कर उसे नष्ट कर देता है। 'आयरन बीम' रक्षा प्रणाली के साथ जोड़कर बड़े पैमाने पर तैनाती की योजना है।
- **वर्षा जल संचयन अभियान 'कैच द रेन' के लिए देश में तेलंगाना अव्वल, तो छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्यप्रदेश शीर्ष पाँच राज्यों में शामिल; मध्यप्रदेश का खंडवा सर्वाधिक 1.29 लाख कूप रिचार्ज, तालाब और सोखपिट बनाने वाला जिला–**

  जल शक्ति मंत्रालय ने 1 अप्रैल, 2024 से 31 मई, 2025 तक सर्वाधिक काम करने वाले जिलों और प्रदेशों की रैंकिंग जारी की है। वर्षा जल संचयन की दृष्टि से केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की रैंकिंग में देश के शीर्ष पाँच राज्यों में जहाँ तेलंगाना पहले नंबर पर है, वहीं छत्तीसगढ़ दूसरे, राजस्थान तीसरे, मध्यप्रदेश चौथे और उत्तरप्रदेश पाँचवे स्थान पर है। जिलों की रैंकिंग में मध्यप्रदेश के खंडवा ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। जनभागीदारी से जल संचयन में मध्यप्रदेश का खंडवा जिला देशभर में सबसे पहले तैयार हो गया है।

  केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय के जल संचय-जनभागीदारी अभियान का मकसद जिलों में पहले से बनी जल संरचनाओं को गहरा करना, उनमें से गाद निकालकर बाहर करना, उन्हें सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज करना, नई जल संरचनाएँ जैसे कुएँ, तालाब, बावड़ियाँ बनाना है। इसके अलावा बारिश के पानी को जमीन के अंदर डालने के लिए वॉटर हार्वेस्टिंग और सोखपिट गड्ढों का निर्माण करना है। 'कैच द रेन' अभियान के तहत बारिश की बूँदों को सहेजने के लिए खंडवा में तालाब, कूप, सोखपिट गड्ढा निर्माण, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग जैसे 1.29 लाख काम पूरे किए गए है।

**टॉप-10 जिले, जिन्होंने सर्वाधिक काम किया–**

| प्रदेश | जिला | पूरे किए काम | चल रहे | कुल काम |
|---|---|---|---|---|
| मध्यप्रदेश | खंडवा | 129003 | 38 | 129041 |
| राजस्थान | भीलवाड़ा | 104940 | 3447 | 108387 |
| छत्तीसगढ़ | बालोद | 92742 | 8575 | 101317 |
| तेलंगाना | आदिलाबाद | 98634 | 1874 | 100508 |
| राजस्थान | बाड़मेर | 79055 | 12477 | 91532 |
| तेलंगाना | मानचेरियाल | 84526 | 3203 | 87729 |
| तेलंगाना | नालगोंडा | 84715 | 2621 | 87336 |
| तेलंगाना | वारांगल | 72634 | 3208 | 75842 |
| तेलंगाना | निर्मल | 60352 | 9051 | 69403 |
| गुजरात | सूरत | 56750 | 10438 | 67188 |

**टॉप-5 राज्य–**

| राज्य | कार्य पूर्ण | निर्माणाधीन |
|---|---|---|
| तेलंगाना | 520006 | 561114 |
| छत्तीसगढ़ | 405535 | 436871 |
| राजस्थान | 364961 | 416072 |
| मध्यप्रदेश | 276603 | 308472 |
| उत्तर प्रदेश | 141046 | 167301 |

- **मई, 2025 में केन्द्र सरकार के जीएसटी संग्रह में 16.41% की बढ़ोतरी हुई है यह ₹ 2.01 लाख करोड़ से अधिक रहा है। अप्रैल, 2025 में यह रेकॉर्ड ₹ 2.37 लाख करोड़ रहा था। मई, 2024 में यह आंकड़ा ₹ 1.72 लाख करोड़ था। मई, 2025 में देश के भीतर कारोबार से जीएसटी संग्रह 13.7% प्रतिशत बढ़कर ₹ 1.50 लाख करोड़ रहा। वहीं, आयात से आने वाला जीएसटी 25.2% उछलकर ₹ 51,266 करोड़ रहा।**

## Newspaper of 3 June, 2025

- **वर्ष, 2025 में भारत की मेजबानी में महिला क्रिकेट विश्वकप 30 सितम्बर, 2025 से शुरू होगा।**
- **2 जून, 2025 को विश्व चैंपियन डोमराज गुकेश ने पाँच बार विश्व चैंपियन रहे शीर्ष रैंक वाले मैग्नस कार्लसन पर शानदार विजय हासिल की।**
- **भारत को सु-57ई स्टेल्थ फाइटर, दो एस-400 देगा रूस; मेक इन इंडिया के तहत बनेंगे 5वीं पीढ़ी के जेट–**

रूस ने भारत को अपने सबसे आधुनिक पाँचवी पीढ़ी के स्टेल्थ फाइटर सु-57ई देने की पेशकश की है, जिसे 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम में बनाया जाएगा। रूसी रक्षा कंपनी रोस्तेक के सूत्रों के मुताबिक, भारत को रूस 20 से 30 सु-57ई की तत्काल आपूर्ति करेगा। भारत को विमान के सोर्स कोड तक पहुँच और कस्टम मॉडिफिकेशन की मंजूरी दी जाएगी।

वहीं, रूस भारत को शेष 2 एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की आपूर्ति 2025-26 तक की जाएगी।

**सु-57ई की स्पीड मैक 2.0–**

- **लंबाई :** 20.1 मीटर
- **विंगस्पैन :** 14.1 मीटर
- **कॉम्बैट रेंज :** 1500-2000 किमी.
- **हथियार प्रणाली :** आर-37एम मिसाइल (400 किमी रेंज), स्टैंड-ऑफ क्रूज मिसाइल, गाइडेड बम, 30 एमएम तोप
- **स्टेल्थ क्षमताएँ :** रडार-एब्जॉर्बेंट कोटिंग, कम रडार सिग्नेचर डिजाइन, इंटरनल वेपन बे और आईआर सिग्नेचर कंट्रोल

- **2 जून, 2025 को केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने एआई का लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) 'भारत जेन' लॉन्च किया। यह अपनी तरह का भारत का पहला मल्टीलिंगुअल एआई मॉडल है। इसे भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को ध्यान में रखते हुए एआई डवलपमेंट में क्रान्ति लाने के लिए तैयार किया गया है। यह प्लेटफॉर्म 22 भाषाओं में टेक्स्ट, स्पीच और इमेज मोडालिटी को इंटीग्रेट करता है। इससे एआई समाधान सरल हो जाते हैं।**

## Newspaper of 4 June, 2025

- **3 जून, 2025 को केन्द्र सरकार ने लद्दाख के लिए नए आरक्षण और डोमिसाइल नियमों की अधिसूचना जारी की। इसके तहत स्थानीय अनुसूचित जनजातियों (ST) को सरकारी नौकरियों में 85 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा, जबकि लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषदों में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित की गई हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण यथावत रहेगा। इन प्रावधानों का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों की भाषा, संस्कृति और भूमि को संरक्षित करना है।**
- **आईपीएल 2025 का खिताब रॉयल चैलेंजर बेंगलुरू ने जीता–**

आईपीएल 2025 का खिताब रॉयल चैलेंजर बेंगलुरू ने फाइनल मैच में पंजाब किंग्स को 6 रनों से हराकर जीता।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

रॉयल चैलेंजर बेंगलुरू आइपीएल चैंपियन बनने वाली आठवीं टीम बन गई है। फाइनल मुकाबला (मैच) अहमदाबाद ने नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला गया था।

**IPL-2025 में प्रदर्शन एक नजर में–**

- **एमर्जिंग प्लेयर :** साई सुदर्शन
- **सुपर स्ट्राइकर :** वैभव सूर्यवंशी
- **सुपर सिक्सेस :** निकोलस पूरन
- **मोस्ट फॉर :** साई सुदर्शन
- **कैच ऑफ द सीजन :** कामिंदु मेंडिस
- **फेयर प्ले अवॉर्ड :** चेन्नई सुपर किंग्स
- **ऑरेंज कैप :** साई सुदर्शन
- **पर्पल कैप :** प्रसिद्ध कृष्णा
- **मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर :** सूर्यकुमार
- विजेता टीम रॉयल चैलेंजर बेंगलुरू को ₹20 करोड़ की इनामी राशि मिली।
- उपविजेता टीम पंजाब किंग्स को ₹12.50 करोड़ की राशि मिली।

## Newspaper of 7 June, 2025

■ **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया के सबसे ऊँचे रेलवे आर्च ब्रिज का उद्घाटन किया; पहली बार श्रीनगर तक चलने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाई; 44000 करोड़ की परियोजना का भी उद्घाटन किया।**

6 जून, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में करीब 44000 करोड़ रुपये की लागत वाली कई बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रमुख परियोजनाओं में रणनीतिक महत्त्व वाले अंजी पुल और चिनाब पुल शामिल हैं। मोदी ने कटरा और श्रीनगर के बीच दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई, जिससे कश्मीर घाटी में रेल सम्पर्क बढ़ेगा। यह कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच सभी मौसम में रेल संपर्क को सक्षम बनाएगा।

■ **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने रेपो रेट में 50 आधार अंकों की कटौती की; लोन पर ब्याज दर कम होगी–**

6 जून, 2025 को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अर्थव्यवस्था में वृद्धि दर को बढ़ावा देने के लिए रेपो रेट में 50 आधार अंकों की बड़ी कटौती कर इसे 6% से 5.5% करने की घोषणा की। एक साल में लगातार तीसरी बार रेपो रेट में कटौती की गई। रिजर्व बैंक के इस कदम से फ्लोटिंग रेट पर कर्ज लेने वालों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इस फैसले से एक करोड़ रुपए के लोन पर हर माह ब्याज के रूप में 3283 रुपए और सालाना 39,396 रुपए की बचत होगी। आरबीआइ गवर्नर ने सीआरआर में 100 आधार अंकों की कटौती की भी घोषणा की, जो 6 सितंबर, 4 अक्टूबर, 1 नवंबर और 29 नवंबर से 25 आधार अंकों की चार बराबर किस्तों में प्रभावी होगी।

**होम लोन पर इतनी होगी बचत–**

- लोन अवधि : 25 साल
- अधिकतर बैंकों की न्यूनतम वर्तमान दरें : 8 फीसदी
- रेपो रेट कटौती के बाद संभावित दर : 7.5 फीसदी
- वर्ष 2025 में दरों में अब तक 1% कटौती हुई।

**विकास दर 6.5% ही रहने का अनुमान–**

- वित्त वर्ष 2026 के लिए जीडीपी विकास दर अनुमान को 6.5% पर स्थिर रखा गया है। केन्द्रीय बैंक के मुताबिक, जीडीपी विकास दर वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 6.5% दूसरी तिमाही में 6.7% तीसरी तिमाही में 6.6% और चौथी तिमाही में 6.3% रह सकती है।
- रबी फसलों को लेकर अनिश्चितताएँ काफी कम हो गई हैं। अग्रिम अनुमानों में पिछले साल की तुलना में रिकॉर्ड गेहूँ उत्पादन और दालों के अधिक उत्पादन की ओर इशारा किया गया है। खरीफ की मजबूत आवक से खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी आने की उम्मीद है।
- मुद्रास्फीति के अनुमानों में तेज गिरावट से मुद्रास्फीति की दर को स्थिर रखने में मदद मिलेगी। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट मुद्रास्फीति के दृष्टिकोण से अच्छा संकेत है।

■ **सीआरआर में 1% कटौती की; ग्राहकों को मिलेगा सस्ता लोन, कर्ज लेने में भी आसानी होगी–**

आरबीआई ने कैश रिजर्व रेश्यो (सीआरआर) को भी 1% घटा दिया है। पहले यह 4% था, जो अब 3% होगा। यह कटौती चार हिस्सो में होगी। इसमें 25 आधार अंक हर बार घटाएँ जाएंगे। 6 सितंबर, 4 अक्टूबर, 1 नवंबर और 29 नवंबर से चरणबद्ध कटौती होगी। इससे बैंकिंग सिस्टम में 2.5 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त नकदी आएगी। इससे बैंकों की लोन की लागत कम होगी और वे ज्यादा लोन दे पाएंगे। बैकों के पास अधिक फंड बचेगा, जिसे वे लोन, निवेश या अन्य व्यापारिक गतिविधियों में लगा सकते हैं। रिजर्व बैंक ने बैंक रेट को 5.75% कर दिया है। यह क्रेडिट ग्रोथ को मजबूती देगा, नीतिगत दर कटौती के असर को प्रभावी ढंग से ट्रांसमिट करने में मदद करेगा, जिससे ग्रोथ को बूस्ट मिलेगा।

**क्या है सीआरआर :** यह वह न्यूनतम राशि होती है, जो बैंकों को आरबीआइ के पास जमा रखनी होती है। यदि बैंक

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

के पास 100 रुपए जमा हुए तो अब उसे आरबीआइ के पास इसमें से 3 रुपए जमा कराना होगा।

**ग्राहकों को ऐसे मिलेगा लाभ?**

- **सस्ते लोन**–बैंक के पास ज्यादा राशि होने से वह प्रतिस्पर्धा में कम ब्याज दरों पर लोन देने के लिए तैयार रहते हैं। इससे ग्राहकों को होम लोन, पर्सनल लोन, कार लोन आदि में छूट मिल सकती है।
- **आसान लोन**–बैंकों के पास अधिक नकदी से लोन पास करने की प्रक्रिया आसान हो जाएगी। इससे खासकर छोटे व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों को राहत मिलेगी।
- **कम ईएमआइ**–ब्याज दरें घटने से बैंक होम-ऑटो-पर्सनल लोन की दरें घटा सकते हैं, इससे रेपो रेट से लिंक्ड लोन की ईएमआइ घट जाएगी।
- **आकर्षक ऑफर**–अधिक नकदी होने से बैंक ग्राहकों के लिए नई स्कीमें ला सकते हैं।

## Newspaper of 8 June, 2025

### ■ यूजीसी ने नियमों में किया संशोधन किया; अब एक ही शैक्षिक सत्र में प्राप्त दो डिग्रियाँ होंगी मान्य–

हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने छात्रों को राहत देते हुए एक समय में प्राप्त दो डिग्रियों को मान्यता देने का निर्णय लिया है। नए नियम 2022 से पहले प्राप्त डिग्रियों पर भी लागू होंगे। पहले एक रेगुलर और एक डिस्टेंस डिग्री साथ लेने की वैधता पर असमंजस था। कई मामलों में इसे मान्यता नहीं दी जाती थी। अब छात्र दोनों डिग्रियों रेगुलर मोड (बशर्ते कक्षाओं का समय न टकराए) या एक डिग्री रेगुलर मोड में और दूसरी ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग या ऑनलाइन मोड में या दोनों डिग्रियाँ डिस्टेंस या ऑनलाइन मोड में हासिल कर सकते हैं। यह नियम पीएचडी व एमफिल पर लागू नहीं होगा।

**पहले यह थे नियम–**

- यूजीसी ने 2012 में एक समिति गठित की थी। इसने सुझाव दिया कि एक रेगुलर डिग्री के साथ केवल एक अतिरिक्त डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स को डिस्टेंस मोड में लिया जा सकता है।
- यूजीसी ने 2020 में अनुमति दी कि एक रेगुलर डिग्री के साथ एक डिग्री डिस्टेंस या ऑनलाइन मोड में ले सकते हैं। दोनो डिग्री रेगुलर मोड में लेने की अनुमति नहीं थी।
- नई शिक्षा नीति में दो डिग्रियों की अनुमति दी, पर स्पष्ट नहीं था कि 2022 से पहले की डिग्रियाँ मान्य होंगी या नहीं।

### ■ फ्रेंच ओपन टेनिस; अमेरिका की कोको गॉफ बनीं चैंपियन–

7 जून, 2025 को अमेरिका की दूसरी वरीय खिलाड़ी कोको गॉफ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रेंच ओपन का महिला एकल खिताब जीत लिया। फाइनल में दुनिया की नंबर दो खिलाड़ी ने टॉप सीड और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में 6-7, 6-2, 6-4 से मात दी। इसके साथ ही कोको गॉफ ने पहली बार फ्रेंच ओपन खिताब अपने नाम किया। वह 2022 में भी यहाँ फाइनल में पहुँची थीं लेकिन तब उन्हें इगा स्विटेक के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

## Newspaper of 9 June, 2025

### ■ 8 जून, 2025 को स्पेन के स्टार खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने पेरिस में आयोजित फ्रेंच ओपन का पुरुष एकल खिताब जीता। अल्कारेज ने फ्रेंच ओपन के इतिहास का सबसे लंबा फाइनल (5 घंटे 29 मिनट) खेला और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इटली के जेनिक सिनर को पाँच सेटों तक चले मुकाबले में शिकस्त दी। इस तरह अल्कारेज लगातार दूसरी बार रोलां गैरो पर चैंपियन बने।

## Newspaper of 10 June, 2025

### ■ पूर्व कप्तान धोनी आईसीसी के हॉल ऑफ फेम में शामिल–

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी मैथ्यू हेडन और दक्षिण अफ्रीका के हाशिम अमला के साथ वर्ष 2025 के लिए आईसीसी के हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। इसमें कुल सात क्रिकेटर शामिल हैं। इनमें पाँच पुरुष और दो महिला खिलाड़ी हैं। महेन्द्र सिंह धोनी इसमें शामिल होने वाले भारत के 11वें खिलाड़ी बने हैं।

### ■ ले. जनरल राजीव घई उप सेना प्रमुख बने–

ले. जनरल राजीव घई को सेना का उप प्रमुख (रणनीति) नियुक्त किया गया है। वे डीजीएमओ भी बने रहेंगे। इसे सेना में अहम नियुक्तियों में से एक माना जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक एयरबेस पर बमबारी से घबराए पाकिस्तान ने घई को ही फोन कर संघर्ष विराम की अपील की थी।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

■ **9 जून, 2025 को दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज एमएसजी एरीना केरल के विझिंजम बंदरगाह पहुँचा। यह पहली बार है, जब इतने बड़े आकार का कंटेनर जहाज किसी भारतीय बंदरगाह पर आया है। एमएसजी एरीना 400 मीटर लम्बा और 61 मीटर चौड़ा है, जो चार फुटबॉल मैदानों के बराबर है।**

## Newspaper of 16 June, 2025

■ **अरुणाचल प्रदेश की हिलांग याजिक ने भूटान के थिम्फू में आयोजित 15वीं साउथ एशियन बॉडी बिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप 2025 में स्वर्ण व रजत पदक जीता; इस टूर्नामेंट में उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं–**

अरुणाचल प्रदेश की हिलांक याजिक ने बॉडी बिल्डिंग की दुनिया में भारत का परचम लहराते हुए नया इतिहास रच दिया है। उन्होंने भूटान के थिम्फू में आयोजित 15वीं साउथ एशियन बॉडी बिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 में एक गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीता। वे इस चैँपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं।

## Newspaper of 17 June, 2025

■ **केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने देश की 16वीं जनगणना की अधिसूचना जारी की; अधिसूचना के मुताबिक लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड के बर्फबारी वाले क्षेत्रों में जनगणना की संदर्भ तारीख 1 अक्टूबर, 2026 और बाकी राज्यों के लिए 1 मार्च, 2027 होगी–**

16 जून, 2025 को केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने 16वीं जनगणना की अधिसूचना जारी कर दी। पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। इस बार जनगणना के आँकड़े 16 भाषाओं में दर्ज होंगे। नतीजे करीब 16 महीने बाद यानी दिसंबर 2027 या जनवरी 2028 तक मिलने की संभावना है। आजाद भारत में पहली बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी, साथ ही जाति भी गिनी जाएगी। वर्ष 2021 की जनगणना कोविड के कारण टालनी पड़ी थी। अधिसूचना के मुताबिक लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड के बर्फबारी वाले क्षेत्रों में जनगणना की संदर्भ तारीख 1 अक्टूबर, 2026 और बाकी राज्यों के लिए 1 मार्च, 2027 होगी। यानी इस तारीख तक जन्में लोगों की गिनती की जाएगी। जनगणना 2027 के सभी आँकड़े इसी तारीख से प्रभावी होंगे।

**घरों की जियो टैंगिंग, डेटा के लिए कोडिंग–**

- केन्द्र सरकार ने किसी भी तरह की गड़बड़ी से बचने के लिए जनगणना में तकनीक के भरपूर इस्तेमाल की रणनीति बनाई है।
- घरों की जियो टैंगिंग होगी। मोबाइल ट्रैकिंग सुविधा भी रहेगी। किसी भी तरह के गलत डेटा पर प्रगणकों को एप्लीकेशन में अलर्ट जारी होगा।
- डेटा संग्रह को अधिक सटीक बनाने के लिए एक नई कोडिंग प्रणाली भी अपनाई जाएगी। जिससे डेटा के विश्लेषण में आसानी होगी।
- 2011 तक कागज पर आँकड़े जुटाने से रिपोर्ट बनाने में काफी समय लगता था। लेकिन इस बार डिजिटल जनगणना होने से आँकड़े तय समय पर तुरंत जारी हो जाएंगे।

■ **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को साइप्रस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिला–**

16 जून, 2025 को साइप्रस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय' से सम्मानित किया। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने राष्ट्रपति भवन में यह सम्मान दिया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा रवाना हुए। प्रधानमंत्री मोदी को अब तक 21 देश सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत कर चुके हैं।

पुरस्कार लेने के बाद पीएम ने कहा, 'यह 140 करोड़ भारतीयों, हमारी संस्कृति, भाईचारे और वसुधैव कुटुम्बकम का सम्मान है।'

## Newspaper of 18 June, 2025

■ **केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने हरियाणा के मानेसर में देश के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल का उद्घाटन किया; इसकी माल वहन क्षमता 4.5 लाख कारों तक की है–**

17 जून, 2025 को केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हरियाणा के मानेसर में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड में देश के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल का उद्घाटन किया। इस टर्मिनल के शुरू होने से माल ढुलाई में तेजी आएगी। इस अवसर पर वैष्णव ने कहा कि गति शक्ति मल्टी-मॉडल टर्मिनल्स प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप है। मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स को सशक्त करने के लिए 2021 में रेलवे ने बड़े रिफॉर्म्स किए, जिसके परिणामस्वरूप 108 मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल्स अल्प

समय में बनकर तैयार हो गए हैं। यह टर्मिनल 45 एकड़ जमीन में फैला है और इसकी माल वहन क्षमता 4.5 लाख कारों तक की है। उन्होंने कहा कि अब 100 से अधिक मेमू ट्रेनों को बढ़ाया जाएगा, जिनकी संरचना को 8 से 12 डिब्बों से बढ़ाकर 16 से 20 डिब्बे किया जाएगा। इससे कम दूरी के यात्रियों को लाभ होगा। 100 से अधिक मेमू ट्रेनों के निर्माण के लिए आंध्रप्रदेश के काजीपेट में नया कारखाना स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा, जनता की माँग को देखते हुए 50 नई नमो भारत ट्रेनें बनाने का फैसला किया है।

**Newspaper of 19 June, 2025**

## ■ इजरायल-ईरान के बीच सैन्य संघर्ष के चलते भारत सरकार ने भारतीयों की सुरक्षित वापसी के लिए 'ऑपरेश्न सिंधु' चलाया–

ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते सैन्य संघर्ष और क्षेत्रीय हालात के बिगड़ने के मद्देनजर भारत सरकार ने ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए 'ऑपरेशन सिंधु' की शुरुआत की। ईरान-इजरायल युद्ध उस समय और खतरनाक चरण में पहुँच गया जब ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के बिना शर्त समर्पण की चेतावनी को खारिज करते हुए कहा, 'कभी भी थोपा हुआ युद्ध या शांति हमें मंजूर नहीं है।'

इस बीच, 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत 17 जून को ईरान के उत्तरी हिस्से में फंसे 110 भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकाला गया। इन छात्रों को भारतीय दूतावास की निगरानी में सड़क मार्ग से ईरान से आर्मेनिया की राजधानी येरेवान पहुँचाया गया।

## ■ 15 अगस्त, 2025 से निजी वाहनों को ₹ 3000 में एक वर्ष का फास्टैग पास मिलेगा; वर्ष भर में राष्ट्रीय राजमार्ग के 200 टोल नाकों को क्रॉस कर सकेंगे–

हाल ही में केन्द्र सरकार ने फास्टैग आधारित सलाना पास योजना लॉन्च करने का ऐलान किया है। यह 15 अगस्त से पूरे देश में लागू हो जाएगी। इसके तहत 3000 रुपए के सालाना 'नेशनल टोल फ्रीडम' पास के जरिए देश के किसी भी नेशनल हाईवे या एक्सप्रेस वे पर यात्रा की जा सकेगी।

18 जून, 2025 को केन्द्रीय सड़क-परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि यह योजना सिर्फ निजी वाहनों (कार, जीप, वैन आदि) के लिए होगी। व्यावसायिक वाहनों पर योजना लागू नहीं होगी। पास जारी होने की तारीख से एक साल या 200 यात्राओं तक (जो भी पहले हो) वैध रहेगा। इससे देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध यात्रा संभव होगी। पास जारी करने और इसके नवीनीकरण के लिए राजमार्ग यात्रा ऐप और एनएचएआइ की वेबसाइट्स पर लिंक उपलब्ध कराया जाएगा। सरकार जल्द लिंक सार्वजनिक करेगी। इस योजना से प्रक्रिया सरल और सुगम होगी। योजना 60 किलोमीटर के दायरे में टोल प्लाजा को लेकर परेशानी दूर करेगी और एक ही सुलभ लेन-देन के जरिए टोल भुगतान को सहज बनाएगी।

### योजना के फायदे–

- रोजाना ऑफिस या बिजनेस ट्रैवल करने वालों को बड़ा लाभ मिलेगा। लॉन्ग ड्राइव करने वालों के लिए यह बोनस है। इससे सालाना ट्रिप्स की प्लानिंग सस्ती होगी।
- योजना से होगी पैसे और समय की बचत। 200 टोल नाकों को पार करने पर पड़ेगा 15 रुपए प्रति टोल।
- ट्रेफिक में घंटों खड़े रहने या बार-बार वॉलेट रीचार्ज करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### टोल फ्रीडम पास–

- एक बार भुगतान सालभर टेंशन फ्री सफर।
- नेशनल हाईवे और एक्सप्रेस वे पर सभी टोल प्लाजा पर मान्य।
- साठ किमी के दायरे वाले टोल से जुड़ी समस्याओं का समाधान।

## ■ नौसेना के बेड़े में आया पहला स्वदेशी पनडुब्बी-रोधी युद्धपोत; विशाखापत्तनम डॉकयार्ड पर सीडीएस की मौजूदगी में कमीशनिंग–

### समुद्री सुरक्षा क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में देश का अहम कदम

18 जून, 2025 को देश का पहला एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (युद्धपोत) 'आइएनएस अर्नाला' विशाखापत्तनम डॉकयार्ड पर नौसेना के बेड़े में शामिल हो गया। तटीय रक्षा क्षमताओं को और मजबूत करने के लिए ऐसे 16 स्वदेशी युद्धपोतों को नौसेना में शामिल करने का फैसला हुआ था। इस शृंखला का पहला युद्धपोत 'आइएनएस अर्नाला' 8 मई को नौसेना को सौंपा गया था। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान की मौजूदगी में इसकी कमीशनिंग की गई।

यह परियोजना आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत समुद्री सुरक्षा क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में अहम कदम है। इन युद्धपोतों का निर्माण गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स व कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने किया है। नए पोत पुरानी हो रही है अभय-क्लास कॉर्वेट्स की जगह लेंगे। करीब 80% स्वदेशी सामग्री से निर्मित ये पोत भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता व घरेलू रक्षा उद्योग की मजबूती का प्रतीक है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**दुश्मन की पनडुब्बियों को तबाह करेगा**—इन युद्धपोतों का मकसद तटीय व उथले समुद्री क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों की पहचान करना, उन्हें ट्रैक करना और नष्ट करना है। पोत आधुनिक पनडुब्बी रोधी सेंसरों से लैस हैं। इनमें अंडरवॉटर अकॉस्टिक कम्युनिकेशन सिस्टम के अलावा लाइटवेट टॉरपीडो, रॉकेट, एंटी-टॉरपीडो डिकॉय और माइन बिछाने जैसे अत्याधुनिक हथियार लगे हैं। इस परियोजना की सफलता साबित करती है कि भारत अब जटिल युद्धपोतों के डिजाइन, निर्माण और तकनीकी एकीकरण में पूर्ण सक्षम है।

**गश्त, निगरानी और मदद में सक्षम**—नौसेना के मुताबिक इन पोतों की तैनाती से भारत की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता और तटीय रक्षा तंत्र को नई धार मिलेगी। युद्धपोत भारत के विस्तृत समुद्री तट और महत्त्वपूर्ण अपतटीय परिसंपत्तियों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। उथले जल में संचालन करने की क्षमता के कारण ये पोत गश्त, निगरानी और मानवीय सहायता जैसे कार्यों में भी सक्षम हैं।

## Newspaper of 20 June, 2025

- **क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 जारी हुई; टॉप 200 संस्थानों में भारत के तीन संस्थान (IIT) शामिल हुए**—

हाल ही में जारी क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भारत के उच्च शिक्षण संस्थाओं में वैश्विक स्तर पर आइआइटी दिल्ली को भारत की शीर्ष यूनिवर्सिटी घोषित किया गया है, जिसे वैश्विक स्तर पर 123वाँ स्थान और 65.5 का समग्र स्कोर प्राप्त हुआ है। वैश्विक सूची में मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) शीर्ष पर बना हुआ है, जो लगातार 14वें वर्ष शीर्ष पर है।

आइआइटी बॉम्बे ने 129वीं रैंक के साथ देश में दूसरा व आइआइटी मद्रास ने 180वीं रैंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। ये तीनों संस्थान भारत से टॉप 200 वैश्विक संस्थानों में शामिल हुए हैं। अन्य भारतीय संस्थानों ने भी वैश्विक संस्थानों में उल्लेखनीय जगह बनाई है। आइआइटी खड़गपुर को 215वीं, आइआइएससी बेंगलुरू को 219वीं और आइआइटी कानपुर को 222वीं वैश्विक रैंक प्राप्त हुई है।

**शीर्ष यूनिवर्सिटी और वैश्विक रैंकिंग**—

| | यूनिवर्सिटी/उच्च शिक्षण संस्थान | वैश्विक रैंक |
|---|---|---|
| 1. | आइआइटी दिल्ली | 123 |
| 2. | आइआइटी बॉम्बे | 129 |
| 3. | आइआइटी मद्रास | 180 |
| 4. | आइआइटी खड़गपुर | 215 |
| 5. | आइआइएससी, बेंगलुरू | 219 |
| 6. | आइआइटी कानपुर | 222 |
| 7. | दिल्ली यूनिवर्सिटी | 328 |
| 8. | आइआइटी गुवाहाटी | 334 |
| 9. | आइआइटी रूड़की | 339 |
| 10. | अन्ना यूनिवर्सिटी | 465 |
| 11. | शूलिनी यूनिवर्सिटी | 503 |
| 12. | आइआइटी इंदौर | 556 |
| 13. | जेएनयू | 558 |
| 14. | आइआइटी बीएचयू वाराणसी और सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी | 566 |
| 15. | चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी | 575 |
| 16. | आइआइटी हैदराबाद और मुंबई यूनिवर्सिटी | 664 |
| 17. | बिट्स पिलानी | 668 |
| 18. | जादवपुर यूनिवर्सिटी | 576 |
| 19. | वीआइटी वेल्लूर | 691 |
| 20. | सिम्बायोसिस इंटरनेशनल | 696 |

- **वर्ष 2025 के पेरिस एयर शो के दौरान हैदराबाद की रघु वामसी एयरोस्पेस ने भारत का पहला स्वदेशी जेट-पावर्ड कामिकाजे ड्रोन 'अस्त्र-100' पेश किया। इसकी रेंज 200 किमी. और गति 450 किमी/घंटा है। कंपनी ने पूरी तरह स्वदेशी 40 केजीएफ माइक्रो टर्बोजेट इंजन का भी प्रदर्शन किया, जो कि यूएवी और क्रूज मिसाइलों के लिए है।**

## Newspaper of 21 June, 2025

- **हॉकी खिलाड़ियों को ₹25000 प्रतिमाह भत्ता मिलेगा; खेल मंत्रालय ने मंजूरी दी**—

हाल ही में भारतीय हॉकी को आगामी महत्त्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले प्रोत्साहन देने की कवायद में खेल मंत्रालय ने पहली बार हॉकी खिलाड़ियों को भी 25000 रुपए प्रतिमाह अतिरिक्त भत्ता (आउट ऑफ पॉकेट अलाउंस) देने को मंजूरी दी है। मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की हुई बैठक में 'टारगेट ओलंपिक पोडियम' (टॉप्स) योजना के तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों को यह भत्ता देने का फैसला किया गया।

- **अंडर-23 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में महिला पहलवानों ने 5 स्वर्ण व एक रजत सहित कुल छह पदक जीते**—

वियतनाम के वुंग ताउ में आयोजित अंडर-23 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों का दबदबा रहा। चैंपियनशिप में भारतीय पहलवानों ने पाँच स्वर्ण और एक

रजत समेत कुल छह पदक जीते। महिला वर्ग में प्रियांशी प्रजापत ने 50 किग्रा., रीना ने 55 किग्रा., सृष्टी ने 68 किग्रा और प्रिया मलिक ने 76 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीते, वहीं तन्वी मुग्देश ने 59 किग्रा में रजत पदक जीता। ग्रीको रोमन पुरुष वर्ग के 63 किग्रा वर्ग में सुमित ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

## Newspaper of 22 June, 2025

- **हाल ही में आईसीएमआर ने देश की पहली 'राष्ट्रीय दुर्लभ रक्तदाता रजिस्ट्री' तैयार की है। इसमें दुर्लभ ब्लड ग्रुप वाले डोनर्स की जानकारी है। इसे ब्लड डोनेशन नेटवर्क 'ई-रक्तकोश' से जोड़ने की तैयारी है। इससे थैलेसिमिया, सिकल सेल जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को समय पर दुर्लभ रक्त मिल सकेगा।**

## Newspaper of 24 June, 2025

- **भारतीय सेना को पहले स्वदेशी 'लॉइटरिंग म्यूनिशन' नागस्त्र-1आर की पहली खेप मिली; यह दुश्मन को हवा में ही खोजकर तबाह करने में सक्षम है–**

भारतीय सेना को पहले स्वदेशी 'लॉइटरिंग म्यूनिशन' (घूमकर हमला करने वाला हथियार) नागस्त्र-1आर की पहली खेप मिल गई है। पिछले साल नागपुर की सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (एसडीएएल) को 480 नागस्त्र-1आर का ऑर्डर दिया गया था। पहली खेप में ऐसे 120 हथियार शामिल हैं। यह दुश्मन पर नजर रखने के साथ उसे हवा में ही खोजकर तबाह करने में सक्षम है।

यह सिस्टम पूरी तरह देश में बना है। इसमें 80 फीसदी से ज्यादा स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया गया। इसमें कई सेंसर लगे हैं। इससे रात में भी ऑपरेशन संभव है। यह हवा में घात लगाकर हमला करता है। दुश्मन के इलाके में पहुँचने के बाद यह लक्ष्य के ऊपर हवा में मंडराता है और मौका मिलते ही सटीक निशाना लगाकर दुश्मन को खत्म कर सकता है। अगर हमला रद्द करना हो तो इसे वापस बुलाया जा सकता है। यानी यह दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है।

**नागस्त्र-1आर एक नजर में–**

नागस्त्र-1 को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह दुश्मन के रडार से बच निकलता है। यह 4500 मीटर से अधिक ऊँचाई तक उड़ सकता है। इस इलेक्ट्रिक यूएवी की 'मैन-इन-लूप' रेंज 15 किलोमीटर है। ऑटोनोमस मोड में इसे 30 किलोमीटर तक ऑपरेट किया जा सकता है। यह 60 मिनट लगातार हवा में रह सकता है। यानी यह एक घंटे तक दुश्मन के इलाके में मंडरा सकता है। नागस्त्र-1 जीपीएस आधारित तकनीक से लैस है। इससे यह सटीक हमला कर सकता है।

- **भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दोनों पारियों में शतक लगाने वाले विश्व के दूसरे विकेटकीपर बने–**

इंग्लैण्ड के खिलाफ पहले टेस्ट के चौथे दिन पहली पारी में 134 रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने दूसरी पारी में भी 118 रन बनाए। इसके साथ ही वह इंग्लैण्ड में एक टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। वहीं पंत दोनों पारियों में शतक लगाने वाले दुनिया के दूसरे व एशिया के पहले विकेटकीपर बल्लेबाज बने हैं। उनसे पहले जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर ने यह रिकॉर्ड बनाया था। इंग्लैंड की धरती पर एक टेस्ट मैच में पहली बार भारत की ओर से पाँच शतक लगे हैं।

**सातवें भारतीय बल्लेबाज**–पंत एक टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले सातवें भारतीय बल्लेबाज हैं। उनसे पहले विजय हजारे, सुनील गावस्कर, राहुल द्रविड़, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे और रोहित शर्मा भी यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

- **देश का पहला ऑफ-ग्रिड ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट शुरू–**

हाल ही में आदणी ग्रुप ने देश का पहला ऑफ-ग्रिड ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट शुरू किया है। यह प्लांट गुजरात के कच्छ में प्रायोगिक स्तर पर शुरू किया गया है। इसे अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (अनिल) ने बनाया है। कंपनी ने बताया कि यह प्लांट मुख्य पावर ग्रिड से जुड़ा नहीं है। 5 मेगावाट क्षमता वाले इस प्लांट की पूरी एनर्जी की जरूरत सोलर और विंड जैसे रिन्युएबल एनर्जी स्रोतों से पूरी होती है। इसमें बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम भी लगा है। इसलिए यह पूरी तरह ऑफ-ग्रिड काम करता है। इसमें हाइड्रोजन बनाने के लिए इलेक्ट्रोलिसिस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल होता है। कंपनी ने इसे नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है। यह बताता है कि बिना पावर ग्रिड से जुड़े भी हाइड्रोजन बनाना संभव है। हाइड्रोजन ऊर्जा का सबसे स्वच्छ स्रोत माना जाता है।

## Newspaper of 25 June, 2025

- **एसडीजी रैंकिंग में भारत 167 देशों की रैंकिंग में पहली बार 99वीं रैंक के साथ अंडर 100 में आया–**

**देश का स्कोर 67.0 व क्षेत्रीय औसत 69.5**

हाल ही में भारत ने संयुक्त राष्ट्र के टिकाऊ विकास के लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल करने की दिशा में 10 पायदान की

छलांग लगाते हुए पहली बार 167 देशों की एसडीजी रैंकिंग में शीर्ष 100 देशों में जगह बनाई है। 'सस्टेनेबल डवलमेंट रिपोर्ट 2025' के अनुसार, भारत यूएन के 193 सदस्य देशों में 99वें स्थान पर रहा। पिछले साल इंडेक्स में भारत की रैंक 109 थी। इस बार भारत का स्कोर 67 अंक रहा। रिपोर्ट में मौजूदा वैश्विक वित्तीय व्यवस्था को असंतुलित बताते हुए पुनर्गठन की जरूरत पर बल दिया गया है, ताकि विकासशील देशों को अधिक संसाधन मिल सकें। विश्व स्तर पर सार्वजनिक उपयोग की वस्तुओं व टिकाऊ विकास के वित्तपोषण को बढ़ाने के लिए रिपोर्ट में व्यावहारिक सिफारिशें भी की गई है।

**अमेरिका को मिली 44वीं रैंक, चीन की रैंकिंग 49वीं रही–** पड़ौसी देशों में भूटान की रैंक 74 और नेपाल की रैंक 85 रही। 75.2 अंकों साथ अमेरिका को 44वीं तो 74.4 अंकों के साथ चीन को 49वीं रैंक मिली। सबको साथ लेकर चलने (बहुपक्षवाद) की बात करें तो बारबाडोस अव्वल रहा, जबकि अमेरिका इस मामले में इंडेक्स में लगातार दूसरे वर्ष अंतिम पायदान पर रहा।

- **जापान ने पहली बार अपनी जमीन पर किया मिसाइल टेस्ट–**

हाल ही में जापान ने अपनी जमीन पर पहली बार मिसाइल परीक्षण किया है। जापानी सेना ने बताया, सतह से जहाज तक मार करने वाली कम दूरी की मिसाइल टाइप-88 का परीक्षण उत्तरी मुख्य द्वीप होक्काइडो के शिजुनाई एंटी-एयर फायरिंग रेंज में किया गया। यह परीक्षण ऐसे समय में किया गया, जब जापान चीन को रोकने के लिए स्ट्राइक-बैक क्षमता हासिल करने के लिए अपने सैन्य निर्माण में तेजी ला रहा है।

**Newspaper of 26 June, 2025**

- **हाल ही में आंध्रप्रदेश की 23 वर्षीय जाह्नवी डांगेती को अमेरिका की टाइटन स्पेस इंडस्ट्रीज के 2029 ऑर्बिटल मिशन के लिए अंतरिक्ष यात्री उम्मीदवार चुना गया है। पलाकोल्लू की रहने वाली जाह्नवी अगले 3 वर्ष तक नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री की देखरेख में प्रशिक्षण लेंगी। मिशन 5 घंटे का होगा, जिसमें 3 घंटे शून्य गुरुत्व में बिताए जाएंगे। गौरतलब है कि इंजीनियरिंग ग्रेजुएट जाह्नवी पहले ही पोलैंड में सबसे युवा विदेशी एनालॉग अंतरिक्ष यात्री और पहली भारतीय बन चुकी हैं।**
- **हाल ही में विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया को आसान, पारदर्शी और तीव्र बनाने के लिए पासपोर्ट सेवा 2.0 कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम के तहत अब पूरे देश में ई-पासपोर्ट जारी किये जाएंगे। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि ई-पासपोर्ट में कॉन्टैक्टलेस चिप तकनीक का उपयोग किया गया है, जिससे इमिग्रेशन प्रक्रिया तेज व सुरक्षित होगी। पासपोर्ट सेवा 2.0 को विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों तक भी विस्तारित किया जाएगा।**
- **इटली में हवाई रोबोट का परीक्षण किया गया; आसमान में उड़ेगा 'आयरनमैन', दिखाएगा तरह-तरह के स्टंट–**

हाल ही में इटली के वैज्ञानिकों को उड़ने वाला रोबोट बनाने में कामयाबी मिली है। हाल ही उन्होंने इसका सफल परीक्षण किया। पहली बार मानव की तरह दिखने वाले हवाई रोबोट का परीक्षण किया गया है। इसे बनाने में दो साल लगे।

लाइव साइंस की रिपोर्ट के मुताबिक 'आयरनकब एमके-3' नाम के ह्यूमेनॉइड रोबोट को परीक्षण के दौरान वर्टिकल लिफ्ट ऑफ किया गया। इसने जमीन से 50 सेंटीमीटर ऊपर उड़ान भरी। यह हवा में स्टंट करने में सक्षम है। ह्यूमेनॉइड रोबोट की दुनिया में यह बड़ा कारनामा इसलिए है कि यह चलने के साथ उड़ भी सकता है। यह चार छोटे जेट इंजन से संचालित होता है। यह भविष्य में उड़ने वाले रोबोटे के विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इसे आइआइटी रोबोटिक्स ने मिलान की एरोडायनेमिक्स प्रयोगशाला की टीम के साथ मिलकर बनाया। इसे विकसित करने का मकसद रोबोट को आपदा प्रभावित क्षेत्रों में भेजना है, ताकि मानव जीवन के जोखिम कम किए जा सकें।

- **नाटो का ऐलान; 2035 तक सैन्य खर्च को बढ़ाकर जीडीपी का 5% करेंगे–**

हाल ही में नाटो नेताओं ने जीडीपी का 5% रक्षा खर्च करने का फैसला किया। यह ऐलान नीदरलैंड्स के द हेग में आयोजित नाटो समिट 2025 में हुआ। ट्रम्प ने इसे अमेरिका की जीत बताते हुए दावा किया इससे भविष्य के युद्ध रोके जा सकेंगे। इससे पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने न्यूक्लियर-वॉरहेड से लैस 12 एफ-35ए A फाइटर जेट अमेरिका से लेने का ऐलान किया।

नाटो देशों का रक्षा बजट 5% करना भारतीय प्राइवेट डिफेंस सेक्टर के लिए बड़ा मौका हो सकता है। हमारे हथियारों की खरीद के लिए चार नाटो देश अहम हो सकते हैं। इनमें पहला है ग्रीस। भारत ग्रीस से हथियारों की डील कर सकता है। वहीं, पोलैंड हमारे स्मॉल आर्म्स व 155 एमएम शेल्स के लिए खरीदार बन सकता है। रोमानिया में हमारे राडार और ड्रोन के लिए बाजार बनने की प्रबल संभावना है। फ्रांस के साथ हम संयुक्त रूप से हथियारों का विकास कर सकते हैं।

हथियारों के निर्यात बढ़ने के लिए हमें प्राइवेट सेक्टर को बढ़ावा देना होगा। सरकार को प्राइवेट कंपनियों जैसे टाटा और रिलायंस को सब्सिडी देने के अलावा नए स्टार्टअप्स को भी प्रोत्साहन देना होगा।

## Newspaper of 27 June, 2025

### ■ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अन्तरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन आईएसएस पहुँचे; 14 दिन रहेंगे–

26 जून, 2025 को भारत के 39 वर्षीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला इतिहास में दर्ज हो गए हैं। उन्होंने शाम 5:54 बजे धरती से 420 किमी ऊपर स्थित अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहला कदम रखा। भारत के अंतरिक्ष इतिहास में पहली बार कोई भारतीय यहाँ पहुँचा है। शुभांशु ने तीन अन्य एस्ट्रोनॉट्स के साथ एक्सिओम मिशन-4 के तहत 25 जून, 2025 को आईएसएस के लिए उड़ान भरी थी। उन्हें वहाँ पहुँचने में 28 घंटे लग गए।

**शुभांशु की नई पहचान........ अब अंतरिक्ष यात्री 634 कहलाएँगे–**

- अब तक 633 एस्ट्रोनॉट्स ही अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुँच सके थे। अब शुभांशु 634वें हैं। उन्होंने बताया कि एक एस्ट्रोनॉट के रूप में इस नई पहचान से वे बहुत खुश हैं। शुभांशु अपनी टीम के साथ अंतरिक्ष स्टेशन पर 14 दिन में स्पेशल फूड एंड न्यूट्रिशियंस संबंधी 60 प्रयोग करेंगे। इनमें 7 इसरो के हैं।
- फाल्कन-9 ड्रैगन रॉकेट की स्पीड 27 हजार किमी प्रति घंटा थी, जबकि आईएसएस धरती से सिर्फ 420 किमी दूर है, फिर भी शुभांशु को पहुँचने में 28 घंटे लग गए। दरअसल, कोई भी वस्तु जब पृथ्वी के वायुमंडल से बाहर निकलती है तो उसे जीरो ग्रैविटी और वैक्यूम से सामना करना होता है। इससे उसकी गति धीमी हो जाती है।

### ■ भारत ने दूसरी एशियाई स्क्वैश युगल चैम्पियनशिप में सभी तीन खिताब जीते–

हाल ही में क्वालालंपुर में आयोजित दूसरी एशियाई स्क्वैश युगल चैंपियनशिप में पुरुष, महिला और मिश्रित स्पर्धा के तीनों खिताब जीतकर क्लीन स्वीप किया। अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की शीर्ष वरीय पुरुष जोड़ी ने पाकिस्तान के प्रतिद्वंद्वी नूर जमां और नासिर इकबाल को 88 मिनट में 2-1 (9-11, 11-5, 11-5) से हराया। महिला युगल फाइनल में जोशना चिनप्पा और अनाहत सिंह ने जबकि मिश्रित युगल में अभय और अनाहत की जोड़ी ने जीत दर्ज की।

## Newspaper of 29 June, 2025

### ■ देश में पहली बार मोबाइल ऐप से वोटिंग हुई; बिहार पहला राज्य बना; मोतिहारी (बिहार) की विभा पहली ई-वोटर बनीं–

हाल ही में बिहार देश का पहला ऑनलाइन वोटिंग कराने वाला राज्य बना गया है। 28 जून, 2025 को राज्य के 26 जिलों की 42 नगर पालिकाओं के लिए हुए मतदान के दौरान हजारों मतदाताओं ने मोबाइल ऐप से वोट डाले। मोतिहारी की विभा पहली ई-वोटर बनी। बूथ पर जाकर मतदान करने का सिलसिला सुबह 7 से शाम 5 बजे तक चला, वहीं ई-वोटिंग सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक हुई।

बिहार के निर्वाचन अधिकारी दीपक प्रसाद ने बताया कि पहली बार राज्य में निकाय चुनावों से ई-वोटिंग का ट्रायल किया गया। ऐप से वोटिंग के लिए 51,155 मतदाताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया, इसमें 26,038 पुरुष और 25,117 महिलाएँ शामिल रहीं। बक्सर में सबसे ज्यादा रजिस्ट्रेशन हुए। इसके अलावा पूर्वी चंपारण, रोहतास, सिवान, पटना, गया, बक्सर, बांका, सारण आदि नगरपालिकाओं के मतदाताओं ने भी इसमें हिस्सा लिया।

उन्होंने बताया कि देश में पहली बार बिहार ने ई-वोटिंग सिस्टम को अपनाया है। दुनिया के कुछ ही देशों में ऑनलाइन मतदान की व्यवस्था है।

### ■ 28 जून, 2025 को केन्द्र सरकार ने 1989 बैच के आइपीएस अधिकारी पराग जैन को दो वर्ष के लिए भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है। वे रवि सिन्हा का स्थान लेंगे।

### ■ आचार्य विद्यानंद महाराज शताब्दी समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्मृति डाक टिकट व सिक्का जारी किया; प्रधानमंत्री मोदी को 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि दी गई–

28 जून, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जैन संत आचार्य विद्यानंद महाराज की 100वीं जयंती पर स्मृति डाक टिकट व सिक्का जारी किया। विज्ञान भवन में भगवान महावीर अहिंसा भारती ट्रस्ट की सहभागिता में आयोजित शताब्दी समारोह में प्रधानमंत्री मोदी को 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि दी गई, जिसे उन्होंने संतों का प्रसाद मानकर माँ भारती को समर्पित किया। पीएम मोदी ने आचार्य को 'युग पुरुष' और 'युग दृष्टा' बताते हुए कहा कि कहा कि भारत की अमर संस्कृति ऋषियों, मुनियों और संतों की देन है।

## Newspaper of 30 June, 2025

- **भारत में वर्ष 2011 के 16 वर्ष बाद 1 अप्रैल, 2026 से जनगणना का कार्य शुरू होगा–**

**जनगणना का पहला चरण 1 अप्रैल, 2026 से–मकानों का सूचीकरण**

**जनगणना का दूसरा चरण 1 फरवरी, 2027 से–लोगों की गणना और सामाजिक-आर्थिक स्थिति**

**भारत में 95 वर्ष बाद होगी जातीय गणना–**

देश में 16 साल बाद आगामी एक अप्रैल, 2026 से जनगणना का वास्तविक काम शुरू होगा। दो चरण में होने वाली जनगणना के पहले चरण में जनगणना कर्मचारी (प्रगणक) घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण शुरू करेंगे और नागरिकों की सुख-सुविधा व भौतिक स्थिति की जानकारी जुटाएंगे। एक फरवरी, 2027 से शुरू होने वाले दूसरे चरण में लोगों की गणना के साथ उनकी सामाजिक-आर्थिक जानकारी जुटाई जाएगी।

जनगणना के दोनों चरणों में नागरिकों से 32 प्रश्न पूछ कर पूरी जानकारी जुटाई जाएगी। जनगणना आयुक्त और देश के रजिस्ट्रार जनरल मृत्युंजय कुमार नारायण ने राज्यों व यूटी से 31 दिसंबर, 2025 के बाद प्रशासनिक सीमाओं में बदलाव पर रोक लगा दी है और जनगणना के लिए जरूरी तैयारियाँ करने के निर्देश दिए गए है। केन्द्र सरकार ने गत 16 जून, 2025 को जनगणना की अधिसूचना जारी की थी और 1 मार्च, 2027 रेफरेंस तिथि घोषित की थी।

**पहला चरण 1 अप्रैल, 2026 से–**

**मकानों का सूचीकरण**

- फोन, इंटरनेट, वाहन, रेडियो, टीवी, फ्रिज से जुड़ी जानकारी।
- कौनसा अनाज खाते है, कितनी खपत है?
- घर में पेयजल और प्रकाश का स्रोत क्या है?
- शौचालय, पानी की निकासी, नहाने और रसोई में जुड़ी जानकारी।
- एलपीजी या पीएनजी कनेक्शन जानकारी।
- मकान की छत, दीवारों और फर्श पर कौनसी सामग्री का इस्तेमाल।
- घर में कितने लोग, कितने विवाहित, मुखिया पुरुष या महिला, घर में कितने कमरे।

- **29 जून, 2025 को महाराष्ट्र के ठाणे RTO में देश का पहला ई-ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन हुआ। हाल ही में एक निजी कंपनी ने स्वदेशी तकनीक से बना ई-ट्रैक्टर लॉन्च किया है। ई-ट्रैक्टर से एक एकड़ खेत की जुताई में 300 रुपए खर्च होंगे। गौरतलब है कि डीजल से चलने वाले ट्रैक्टर में यह खर्च लगभग 1200 से 1500 रुपए तक आता है।**

- **29 जून, 2025 को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने निजामाबाद ( तेलंगाना ) में हल्दीबोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय का उद्‌घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने वर्ष 2030 तक एक अरब डॉलर (8500 करोड़ रुपये) की हल्दी निर्यात का लक्ष्य तक किया है। राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड किसानों को उचित मूल्य दिलाने, ब्रांडिंग, पैकेजिंग, मार्केटिंग और रिसर्च पर काम करेगा।**

□□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com


# संजीव®

**50 वर्षों** से आपका विश्वसनीय

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## मनोहर सिंह कोटड़ा के मार्गदर्शन में तैयार श्रेष्ठ पुस्तकें

( 41 जिलों एवं 7 संभागों पर आधारित नवीनतम संस्करण )




## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रमुख पुस्तकें




संजीव Telegram चैनल एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री नि:शुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

Join Our Telegram

प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com